बीआईएस ने जब्त किये अवैध कूकर

कोलकाता, 8 नवम्बर (नि.प्र.)। भारतीय मानक ब्यूरो ने हावड़ा और उसके आसपास के क्षेत्र में बिना लाइसेंस के बिक रहे अल्ट्रा प्रेशर कूकर को जब्त किया है। ब्यूरो के कोलकाता शाखा कार्यालय 1 के अधिकारियों की एक टीम ने विगत 5 नवम्बर को काजी पाड़ा में 'मेसर्स अल्ट्रा प्रेशर कूकर' के कारखाने में छापा मारा और बड़ी संख्या में अवैध प्रेशर कूकर जब्त कर लिये। भारतीय मानक ब्यूरो, कोलकाता शाखा कार्यालय 1 के निदेशक एवं प्रमुख सब्यसाची धर ने बताया कि फर्म वास्तव में आईएसआई मार्ग वाले लेबल का उपयोग कर रही थी, जबकि उसके पास लाइसेंस नहीं था। छापेमारी 1, 2, 3 एवं 5 लीटर के कूकर जब्त किये गये।

Scanned with OKEN Scanner